प्रेस नोट **20/06/2024**

आज दिनांक 20.06.2024 को पुलिस अधीक्षक मऊ श्री इलामारन जी द्वारा थाना सरायलखंसी का वार्षिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान सर्वप्रथम पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा गार्द की सलामी ली गई तथा सलामी गार्द में लगे पुलिसकर्मियों के टर्नआउट का निरीक्षण किया गया तत्पश्चात थाना परिसर का भ्रमण कर परिसर की साफ-सफाई, बेतरतीब खड़े वाहनों को व्यवस्थित करने हेतु तथा लावारिस वाहनों व मालों का निस्तारण करने व साफ-सफाई को उच्चकोटि का बनाये रखने हेतु निर्देशित किया गया। थाना कार्यालय का गहनतापूर्वक निरीक्षण के दौरान रजिस्टरों/रिकार्डो को अद्यविक करने हेतु निर्देशित किया गया साथ ही साथ मालखाना, बन्दीगृह, भोजनालय, आरक्षी आवास, बैरकों, सीसीटीएनएस कक्ष का निरीक्षण किया गया तथा पायी गयी कमियों पर अतिशीघ्र कमियों को दूर करने हेतु सर्व सम्बन्धित को निर्देशित किया गया, महिला हेल्प डेस्क का निरीक्षण करते हुए हेल्प डेस्क पर तैनात महिला आरक्षियों को प्रार्थना पत्रों के निस्तारण के नियमित रूप से फीडबैक लेने हेतु निर्देशित किया गया।

इस अवसर पर श्री अंजनी कुमार पांडेय, क्षेत्राधिकारी नगर, श्री प्रवीण कुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक सरायलखंसी एवं थाने के समस्त कर्मचारीगण व ग्राम चौकीदार उपस्थित रहे।

चोरी की एक मोटरसाईकिल के साथ एक शातिर गिरफ्तार-

दिनांक 19.06.2024 को थाना रामपुर पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर फतहपुर नहर पुलिया के पास से प्रकाश में आये अभियुक्त वसीम अहमद पुत्र अब्दुल जब्बार निवासी युसुफपुर थाना रामपुर जनपद मऊ के कब्जे से चोरी की एक अदद मोटरसाईकिल पैशन प्रो (यूपी54क्यू8812) बरामद कर गिरफ्तार किया गया । जो थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0स0 70/24 धारा 379 भादवि0 से सम्बन्धित पाया गया। इस सम्बन्ध में उक्त अभियोग में धारा 411 भादवि की बढोत्तरी कर चालान न्यायालय किया गया ।

गिरफ्तार अभियुक्त-

1. वसीम अहमद पुत्र अब्दुल जब्बार निवासी युसुफपुर थाना रामपुर जनपद मऊ ।

बरामदगी-

1. चोरी की एक अदद मोटरसाईकिल पैशन प्रो (यूपी54क्यू8812) ।

तीन वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार-

आज दिनांक 20.06.2024 को मुहम्मदाबाद पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान वारण्टी अभियुक्तगण कमलेश पुत्र रामलखन, संतोष पुत्र जगधारी, रामलखन पुत्र जंगली चौहान निवासी सुरहुरपुर थाना मुहम्मदाबाद जनपद मऊ को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया ।

बाल अपचारी के कब्जे से प्रतिबंधित बोर तमन्चा व कारतूस बरामद-

आज दिनांक 20.062024 को थाना कोपागंज पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान ग्राम शाहपुर उसर में दिनांक 24.05.2024 को बारात में आर्केस्टा कार्यक्रम में डांसरों के साथ तमन्चे के साथ डांस करते हुए व्यक्ति के संबंध में थाना स्थानीय पर जॉच पडताल के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर इन्दारा अदरी मार्ग से बाल अपचारी के पास से एक अदद प्रतिबंधित बोर तमन्चा व एक अदद जिन्दा कारतूस 303 बोर बरामद किया गया। बाल अपचारी को पुलिस अभिरक्षा में रखा गया।

आज दिनांक 20.06.2024 को पुलिस अधीक्षक मऊ श्री इलामारन जी द्वारा थाना हलधरपुर का वार्षिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान सर्वप्रथम पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा गार्द की सलामी ली गई तथा सलामी गार्द में लगे पुलिसकर्मियों के टर्नआउट का निरीक्षण किया गया तत्पश्चात थाना परिसर का भ्रमण कर परिसर की साफ-सफाई, बेतरतीब खड़े वाहनों को व्यवस्थित करने हेतु तथा लावारिस वाहनों व मालों का निस्तारण करने व साफ-सफाई को उच्चकोटि का बनाये रखने हेतु निर्देशित किया गया। थाना कार्यालय का गहनतापूर्वक निरीक्षण के दौरान रजिस्टरों/रिकार्डो को अद्यविक करने हेतु निर्देशित किया गया साथ ही साथ मालखाना, बन्दीगृह, भोजनालय, आरक्षी आवास, बैरकों, सीसीटीएनएस कक्ष का निरीक्षण किया गया तथा पायी गयी कमियों पर अतिशीघ्र कमियों को दूर करने हेतु सर्व सम्बन्धित को निर्देशित किया गया, महिला हेल्प डेस्क का निरीक्षण करते हुए हेल्प डेस्क पर तैनात महिला आरक्षियों को प्रार्थना पत्रों के निस्तारण के नियमित रूप से फीडबैक लेने हेतु निर्देशित किया गया।

इस अवसर पर श्री अभय कुमार सिंह क्षेत्राधिकारी मधुबन, श्री हरेन्द्र कुमार यादव प्रभारी निरीक्षक हलधरपुर एवं थाने के समस्त कर्मचारीगण व ग्राम चौकीदार उपस्थित रहे। साथ ही साथ साम्भ्रात व्यक्तियों से वार्ता कर क्षेत्र की समस्याओ को सूना गया तथा संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।